## एक नजर में

### सांदीपनि विद्यालय में स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट



**बिस्टान ।** जनपद शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बिस्टान में विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचान के लिए शारीरिक स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्टआयोजित किया गया। यह परीक्षण स्पोर्ट एनालिटिक टीम द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री बलराम भंवर ने बच्चों से परिचय प्राप्त कर उन्हें नियमित खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के स्वास्थ्य लाभ बताए। टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों की फिटनेस, गति और खेल क्षमता का आकलन किया गया ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जा सके। इस अवसर पर जनशिक्षक अखिलेश पाटीदार, संजय टेमरे, विवेक पांडेय, सीमा शर्मा, के. डी. डावर, लौका सोलंकी एवं पीटीआई मोइन खान सहित विद्यालयीन शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### 128 विद्यार्थियों ने किया शारीरिक दक्षता प्रदर्शन

**सनावद।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विकासखंड बड़वाह के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की खेल एवं शारीरिक प्रतिभा को पहचानने के उद्देश्य से मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल बड़ूद में बड़ूद संकुल के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों के कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों का शारीरिक स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट आयोजित किया गया। खरगोन से आई स्पोर्ट्स एनालिटिक टीम द्वारा कुल 128 छात्र-छात्राओं का विभिन्न शारीरिक क्षमताओं एवं खेल प्रतिभाओं से संबंधित परीक्षण किया गया। टैलेंट टेस्ट को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी शिवानी मौर्य, सहायक नोडल अधिकारी सावन राठौर के साथ संपूर्ण आयोजन के मार्गदर्शक संकुल प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही संकुल अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों के शिक्षक और विद्यालय स्टाफ ने उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट टीम के लीडर अंकित पटेल के साथ पुष्प यादव, मुस्कान, रूपेश, अभय एवं काजल ने बड़े ही सुव्यवस्थित एवं सुरुचिपूर्ण तरीके से विद्यार्थियों का परीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, खेल कौशल एवं प्रतिभा का आकलन किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्पोर्ट्स एनालिटिक टीम द्वारा विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई, जिसका बच्चों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। संकुल अंतर्गत अरुण निहाले, जगदीश पटेल, नरेंद्र जोहर, भारत गार्गव पवार, वंदना माली, भारत बिरला, तुलसीराम चौधरी, भूरसिंह बर्डे, शारदा राठौर, श्रीलेखा पटेल, बिंदु चौधरी, समरीन, शीतल, मुकेश खेड़े, संतोष बिरला, धनसिंह सोलंकी, मंजुला कानपुरे, मुन्नी रेकल एवं देवेंद्र उपाध्याय सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ का आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उक्त जानकारी शिक्षक अखिलेश दुबे द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट को लेकर काफी उत्साह रहा। इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें उचित मंच प्रदान करने तथा भविष्य में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### लोकमाता अहिल्याबाई की पुण्यतिथि पर पालकी यात्रा

**खरगोन।** प्रथम पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि अहिल्योत्सव कमेटी द्वारा 7 दिवसीय महोत्सव के रुप में मनाई जा रही है। महोत्सव के निमित्त धार्मिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चे, युवा वर्ग सहित महिला-पुरुष भाग लेकर मातोश्री के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे है। महोत्सव का समापन 10 सितंबर को भव्य पालकी शोभायात्रा के साथ होगा।

# कठोरा में कच्चे रास्ते से परेशानी, आरसीसी की मांग



**कसरावद।** ग्राम कठोरा, ग्राम पंचायत बड़गांव के समस्त ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसरावद को आवेदन देकर कच्चे आम रास्ते को पक्का आरसीसी रोड बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी मोहल्ले में शासकीय स्कूल के पास स्थित कच्चे रास्ते से स्कूल के बच्चों व ग्रामीणों को आने-जाने में अत्यधिक परेशानी हो रही है।

बरसात में रास्ते पर पानी भर जाता है और कीचड़ होने से फिसलन बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व ग्राम पंचायत बड़गांव और जनपद पंचायत कसरावद को कई बार आवेदन दिया और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की, लेकिन केवल आश्वासन मिला। निराकरण नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त रास्ते को पक्का आरसीसी निर्माण कर दिया जाए ताकि स्कूली बच्चों को सुविधा हो सके। ग्राम कठोरा में एक कच्चा रास्ता ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है।

आदिवासी मोहल्ले में शासकीय स्कूल के पास का यह आम रास्ता बरसात में पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी होती है। इसी को लेकर ग्राम कठोरा के समस्त ग्रामवासियों ने एसडीम को आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत और सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत की, लेकिन आज तक रास्ता पक्का नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त कच्चे रास्ते को पक्का आरसीसी रोड में बदला जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर रास्ता पक्का बन जाता है तो स्कूल के बच्चों सहित सभी को आने-जाने में सुविधा होगी।

# सीमा गीते को अक्षरदूत सम्मान



**सनावद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर इटारसी में आयोजित 42वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में खरगोन जिले से एकमात्र चयनित शिक्षिका सीमा राकेश गीते को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए अक्षरदूत सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने में अग्रणी देशभर से चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सीमा गीते का सम्मान संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र एवं नार्मदीय ब्राह्मण समाज के लिए गौरव का विषय है। सीमा गीते की उपलब्धि पर विधायक सचिन बिरला, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, अनिल गीते, अखिलेश जोशी, रूपेश गीते, सावित्री गीते, सीमा शर्मा तथा टॉपर्स टेंपल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर शुभम पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कर्मचारियों की 27 सूत्रीय मांगों से गरमाया मामला



**मंडलेश्वर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा खरगोन की तहसील/ब्लॉक महेश्वर इकाई ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर 27 सूत्रीय मांग-पत्र शासन के समक्ष रखा है।

संघ ने मांगों पर तत्काल निर्णय लेकर कर्मचारियों को राहत देने की मांग की है। सातवें वेतनमान का लाभ, पंचायत सचिवों का संविलियन, पदोन्नति, वेतन विसंगतियों का निराकरण, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की समस्याओं का समाधान, वाहन चालकों की नियमित भर्ती तथा परिवार पेंशन के लिए अर्हता सेवा 33 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष करने जैसी प्रमुख मांगें इसमें शामिल हैं। संघ ने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण, मनरेगा उपयंत्रियों को नियमित करने तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं के समाधान की भी मांग की है।

कर्मचारी संघ ने चेतावनी भरे अंदाज में शासन से कहा है कि 27 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर आदेश जारी किए जाएं, ताकि लंबित समस्याओं का निराकरण हो सके। मांग-पत्र में तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, तहसील सचिव शैलेन्द्र जामुने, ब्लॉक अध्यक्ष जुगल किशोर पाटीदार एवं ब्लॉक सचिव अर्जुन सिंह भंवर के नाम उल्लेखित हैं।

# विकास शर्मा राष्ट्रीय गौरव सम्मान से अलंकृत



**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह।** उज्जैन के भरतपुरी स्थित रामसखा गौतम सभागृह में 6 सितंबर को आयोजित 23वें राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में शासकीय प्राथमिक विद्यालय नगवां, बड़वाह में पदस्थ शिक्षक विकास शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी योगदान के लिए राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

समारोह में अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे, उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, नगर निगम सभापति कलावती यादव सहित गणमान्य अतिथियों ने शर्मा को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक विकास शर्मा खेल-खेल में शिक्षा, टीएलएम के उपयोग और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर नवाचार कर रहे हैं। सम्मान को उन्होंने अपने विद्यालय, विद्यार्थियों, सहकर्मियों एवं खरगोन जिले को समर्पित किया। उनकी उपलब्धि पर शिक्षा विभाग एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# पहली बरसी पर बेलपत्र का पौधा रोपा



**मंडलेश्वर।** नगर के समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय चैतन्य पटवारी की पहली बरसी के अवसर पर उनके पुत्र अद्वैत पटवारी ने मलशमनेश्वर मंदिर परिसर मे बिल्व पत्र का पौधा रोपकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उनके मित्र मनीष राठौड बुरहान नजमी और अशोक पाटीदार नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सहित परिजन उपस्थित रहे।स्वर्गीय चैतन्य पटवारी द्वारा ही मलशमनेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रयास शुरू किया था जहाँ अब भव्य मंदिर निर्माण हो रहा हैं नर्मदा परिक्रमा पथ पर स्थित इस पौराणिक महत्व के मंदिर को अखबारों के माध्यम से स्वर्गीय पटवारी ने लोकप्रिय बनाया था। इस स्थान पर भगवान परशुराम ने सहस्त्रार्जुन के वध के बाद अपने फरसे के वार गंगा प्रकट कर मल शमन कर शिवलिंग स्थापित कर प्रयाश्चित किया था।

## एक नजर

**भीलू मानकर के निधन पर अंतिम संस्कार से बारहवें तक का खर्च ग्रामीणों ने मिलकर उठाया**

# एक की पीड़ा बनी पूरे गांव का दर्द, कोगावां ने दिखाई इंसानियत की मिसाल



**कसरावद।** ग्राम कोगावां में एक बार फिर गांव की एकता, भाईचारे और इंसानियत की तस्वीर सामने आई। गांव के भीलू मानकर के निधन के बाद परिवार पर आई विपरीत परिस्थिति में ग्रामीणों ने उन्हें अकेला नहीं छोड़ा। एक परिवार की पीड़ा को पूरे गांव ने अपना दर्द समझा और मिलकर अंतिम संस्कार से लेकर बारहवें तक की पूरी व्यवस्था में सहयोग किया। मौत वाले दिन की आवश्यक व्यवस्थाओं से लेकर बारहवें की पगड़ी और भोजन सहित पूरे कार्यक्रम का खर्च ग्रामीणों ने मिल-जुलकर उठाया।

इसके लिए गांव में लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार नगद राशि और गेहूं एकत्र किया। किसी ने आर्थिक सहयोग दिया तो किसी ने गेहूं देकर इस सेवा कार्य में अपनी भागीदारी निभाई।कार्यक्रम के लिए मीना चौबे शिक्षक की ओर से 2500 रुपए का सहयोग दिया गया। वहीं गांव में कार्यक्रम के लिए एकत्र किए गए गेहूं में से करीब डेढ़ क्विंटल गेहूं कार्यक्रम के बाद बच गया। ग्रामीणों ने इस बचे हुए गेहूं को भीलू मानकर के परिवार को सौंप दिया। इसी तरह कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों से एकत्र की गई नकद राशि में से खर्च के बाद 4500 रुपए बच गए थे। यह राशि भी परिवार को सौंप दी गई। इस पूरे सेवा कार्य की खास बात यह रही कि इसमें किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे गांव की सामूहिक भागीदारी रही। ग्रामीणों ने अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग किया और यह सुनिश्चित किया कि आर्थिक परेशानी के कारण परिवार को अंतिम संस्कार या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कोगावां के ग्रामीणों की यह पहल केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने गांव की उस पुरानी परंपरा को भी जीवंत किया, जिसमें किसी एक घर का सुख पूरे गांव का सुख और किसी एक परिवार का दुख पूरे गांव का दुख माना जाता है।

## खंडवा

# मूंदी के मेडिकल स्टोर्स संचालकों को नोटिस जारी



**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मूंदी में मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। ड्रग निरीक्षक अस्मिता गामोड ने इस दौरान मूंदी में दिक्षा मेडिकल, यश मेडिकल, गणेश मेडिकल, श्री राधे मेडिकल एण्ड सर्जिकल व श्री सद्गुरु मेडिकल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स के संचालको को लायसैंस की प्रतिलिपि को मेडिकल स्टोर के दर्शनीय स्थल पर प्रदर्शित करने, दवाओं का विक्रय डॉक्टर्स के पर्चे के आधार पर ही करने और स्टॉक रजिस्टर अद्यतन रखने के निर्देश दिये गये।निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स के संचालको को निर्देश दिये गये कि चिकित्सक के प्रिस्कीप्शन के बिना किसी को भी दवाईया न दें। इस दौरान दिक्षा मेडिकल, गणेश मेडिकल में फार्मासिस्ट नही मिलने व बिल बुक मेटेन नहीं होने तथा यश मेडिकल में फार्मासिस्ट नही मिलने के कारण इन मेडिकल संचालको को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस में जवाब चाहा गया है। संतुष्टिपूर्वक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा ड्रग इंस्पेक्टर श्री मंजीत जामले ने खण्डवा नगर के तारा मेडिकोज, रश्मि मेडिकल व विधान मेडिकल का निरीक्षण कर मेडिकल संचालको को नियमानुसार संचालन करने के निर्देश दिए।

### नगरीय निकाय उपनिर्वाचन स्थगित

**खंडवा ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। इस कार्यक्रम के अनुसार खंडवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 34 में पार्षद के रिक्त पद की पूर्ति के लिए उपनिर्वाचन होना था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री दीक्षा भगोरे ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय उपनिर्वाचन की प्रक्रिया के तहत खंडवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद पद के उपनिर्वाचन को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# जलकर वृद्धि और पानी के संकट पर कांग्रेस का हल्ला-बोल, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा / मूंदी।** नगर में गहराए पेयजल संकट और बढ़े हुए जलकर को लेकर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी मूंदी ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने पंचायत कार्यालय मूंदी में तहसीलदार वंदना चौहान को ज्ञापन सौंपकर नियमित पेयजल आपूर्ति और जलकर कम करने की मांग की।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि पिछले 15 दिनों से नगर के अधिकांश वार्डों में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पहले एक दिन छोड़कर दो घंटे पानी मिलता था, लेकिन अब बारिश के बावजूद सप्लाई का कोई समय तय नहीं है। कहीं 30 मिनट तो कहीं सिर्फ 15 मिनट ही पानी दिया जा रहा है। कई वार्डों में तो दो-दो दिन तक नल नहीं आ रहे, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी है।

**230 रुपए जलकर फिर भी संकट**-जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने जलकर बढ़ाते समय बिना मोटर के तीसरी मंजिल तक पानी पहुंचाने का दावा किया था, लेकिन आज 230 रुपए जलकर लेने के बाद भी लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, पूर्व विधायक ठाकुर राजनारायण सिंह, मांधाता विधानसभा प्रभारी सुहागमल बिश्नोई, गजेंद्र सिंह सोलंकी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैतान सिंह चौहान, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल राठौर, नगर प्रभारी जगपाल पटेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष होसीलाल यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल जाधव, पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियेश चोकड़े और अन्य मौजूद रहे।

# स्व .नंदू भैया की जयंती पर दी पुष्पांजलि



**खंडवा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कई वर्षों तक खंडवा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्गीय नंद कुमार सिंह चौहान की जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया गया। उनकी जन्म जयंती पर स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में उनके फोटो पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल और अन्य ने कहा कि निमाड़ की नैया नंदू भैया... के नाम से चर्चित नंदू भैया ने भाजपा संगठन में कई पदों के साथ प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए भाजपा को प्रदेश स्तर पर मजबूती प्रदान करते हुए उनके कार्यकाल में सभी चुनाव में सफलता अर्जित की एक कुशल संगठक की भांती उन्हें याद किया जाता है, किसी भी कार्यकर्ता से एक बार मिलने के बाद में उस कार्यकर्ता का नाम और पहचान अपने दिलों में बसा लेते थे।

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी (बी-पैक्स) बामंदा पंजीयन क्रमांक 405**

क्र/आमसभा/2026/01 — आमसभा की सूचना — दिनांक 02.09.2026

आदरणीय महानुभव,
संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता हैं कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 16.09.2026 दिन बुधवार को कार्यालय बामंदा में समय दोपहर 11.00 बजे रखी गयी हैं । जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है ।
गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित कर घण्टे पश्चात उसी स्थान पर दोपहर 11.30 बजे होगी, जिसमें गणपूर्ति अनिवार्य नही होगी। जिसमें निम्नलिखित विषयों पर कार्यवाही की जावेगी ।

आकाश विश्वास, संस्था प्रबंधक — श्रीमती भागवती मोरे, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी (बी-पैक्स) पोखर पं. क्र.488**

आमसभा सूचना — दिनांक-02.09.2026

सम्माननीय,
समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. पोखर की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 19.09.2026 दिन शनिवार को दोपहर 01.00 बजे संस्था कार्यालय पोखर में निम्नलिखित विषयों पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जावेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात किया जावेगा। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

ओमप्रकाश गंगराडे, प्रबंधक — (आदेशानुसार प्रशासक) — श्री ललन जी इवने, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी (बी पेक्स) मर्यादित नहाल्दा पंजीयन क्रमां 1550**

क्रमांक / साधारण सभा / 25 / 1 — वार्षिक साधारण सभा सूचना — दिनांक -09/09/2026

सम्मानीय,
समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 23/09/2026 दिन बुधवार को दोपहर 01:00 बजे स्थान संस्था कार्यालय नहाल्दा पर रखा गया हैं ।
गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने पर स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधार घण्टा पश्चात होगी, जिनमें निम्नलिखित विषयों पर कार्यवाही की जावेगी । आपकी उपस्थिति बैठक में साद प्रार्थनीय हैं ।

रीतेश सोनी, समिति प्रबंधक — श्रीमती भगवती मोरे, प्रशासक एवं वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी (बी पेक्स) मर्यादित अहमद खैगांव पंजीयन क्रमांक 833**

क्रमांक / साधारण सभा / 26 / 1 — वार्षिक साधारण सभा सूचना — दिनांक -08/09/2026

सम्मानीय,
समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 21/09/2026 दिन सोमवार को दोपहर 01:00 बजे स्थान संस्था कार्यालय अहमदपुर खैगांव पर रखा गया हैं ।
गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने पर स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधार घण्टा पश्चात होगी, जिनमें निम्नलिखित विषयों पर कार्यवाही की जावेगी । आपकी उपस्थिति बैठक में साद प्रार्थनीय हैं ।

किशोर मावी, समिति प्रबंधक — श्री हेमंत सावले, प्रशासक एवं उप अंकेक्षक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसा. मर्या. (बी पेक्स) बड़गांवमाली पं.कं. 799**

कमांक / साधारण सभा — वार्षिक साधारण सभा सूचना — दिनांक- 05/09/2026

महानुभव,
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी मर्यादित बड़गांवमाली के अंशधारी सदस्यों की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 24/09/2026 दिन गुरुवार समय दोप. 01.00 बजे स्थान संस्था कार्यालय बड़गांवमाली में निम्नलिखित विषयों पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई हैं।अत: निवेदन है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होने का कष्ट कीजिएगा।
निर्धारित समय पर गणपूर्ति नही होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जावेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर 30 मिनिट (आधे घण्टा) पश्चात किया जावेगा। जिसमें गणपूर्ति की अवश्यकता नही होगी।

अशेष कुमार पाटीदार, समिति प्रबंधक — श्री श्यामसुंदर केवट, प्रशासक

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) हरसवाडा प.क्र. 604**

आमसभा सूचना — दिनांक 05.09.2026

सम्मानीय,
समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है । कि बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) हरसवाडा की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 19.09.2026 दिन शनिवार को दोपहर 3.00 बजे संस्था कार्यालय हरसवाडा मे निम्नलिखित विषयों पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई है । जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है । निर्धारित समय पर गणपूर्ति नही होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जावेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात किया जावेगा। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

रविन्द्र पाटीदार, संस्था प्रबंधक — (आदेशानुसार प्रशासक) — ललन ईवने, प्रशासक